DR. K. MALAISAMY (Tamil Nadu): Sir, I associate myself with the Special Mention made by the hon. Member.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri Lalit Kishore Chaturvedi. Absent. The House stands adjourned till 2.00 p.m.

*The House then adjourned for lunch at fifty six minutes past twelve of the clock.*

*The House re-assembled after lunch at One minute past two of the clock.*

**RE. DEMAND FOR INFORMATION TO BE GIVEN BY THE HOME MINISTER**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI PRASANTA CHATTERJEE) in the Chair.

**श्रीमती सुषमा स्वराज** (मध्य प्रदेश): महोदय, जीरो ऑवर के दौरान नेता प्रतिपक्ष ने श्री यशवंत सिन्हा जी की बेरहम पिटाई के विषय को उठाया था, तब गृह मंत्री जी ने कहा था कि उनके पास अभी किसी तथ्य की जानकारी नहीं है, न वे कुछ स्वीकार कर सकते हैं, न नकार सकते हैं। हम लोगों को पता था कि 2:00 बजे हाऊस जब दोबारा मिलेगा, तो गृह मंत्री यहां उपस्थित होकर जरूर हम लोगों को सूचना देंगे, जानकारी उनके पास तब तक आ चुकी होगी, लेकिन गृह मंत्री तो सदन में दिखाई भी नहीं दे रहे हैं। तो मैं पार्लियामेंट्री अफेयर मिनिस्टर से पूछना चाहती हूं कि क्या गृह मंत्री अभी आ रहे हैं और वे हम लोगों को सूचना और जानकारी देंगे? क्योंकि, नेता प्रतिपक्ष ने जो विषय उठाया था, उसका सबब बहुत बड़ा है, वह केवल एक सांसद की पिटाई का मामला नहीं है। ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI PRASANTA CHATTERJEE): Now, as per the scheduled agenda, the Interim Budget (Railway), 2009-10 will be placed by Shri Lalu Prasad. ...*(Interruptions)*...

**श्रीमती सुषमा स्वराज**: उपसभाध्यक्ष जी, मेरी बात का आप जवाब क्यों नहीं दे रहे हैं? ...(**व्यवधान**)... मेरी बात का जवाब दीजिए। ...(**व्यवधान**)....

**श्री एस. एस. अहलुवालिया** (झारखंड): महोदय, जब तक गृह मंत्री यहां उपस्थित नहीं होते, तब तक सदन की कार्यवाही स्थगित की जाए। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE*CHAIRMAN (SHRI PRASANTA CHATTERJEE): Now, Shri Lalu Prasad will lay the Interim Budget (Railway), 2009-10

---

**THE INTERIM BUDGET (RAILWAYS), 2009-10**

**रेल मंत्री (श्री लालू प्रसाद)**: महोदय, मैं रेलवे के संबंध में 2009-10 के वर्ष के लिए भारत सरकार की अनुमानित प्राप्तियों और व्यय का विवरण (अंग्रेजी तथा हिन्दी में) सभा पटल पर रखता हूं। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI PRASANTA CHATTERJEE): Now, the hon. Railway Minister will lay the Supplementary Demands for Grants (Railways), 2008-09

---